# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) मण्डी, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश के छात्र कल्याण निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन।

## अवधि 4/2014 से 3/2015

## भाग—एक

### 1 गत अंकेक्षण

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) मण्डी ने जून 2015 से अलग से कार्य करना शुरू कर दिया था गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के लम्बित पैरों की वास्तविक स्थिति औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पुरूष) मण्डी के अवधि 4/2014 से 3/2015 तक के अंकेक्षण प्रतिवेदन में दर्शाई गई है।

### 2 वर्तमान अंकेक्षण

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) मण्डी जिला मण्डी के अवधि 4/2014 से 3/2015 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिए गए हैं, श्री मोहिन्द्र कुमार, अनुभाग अधिकारी व श्री विजय कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनाँक 8.10.2015 को मण्डी में किया गया। आय की विस्तृत जाँच के लिए माह 7/2014 व व्यय की विस्तृत जाँच के लिए माह 4/2014 के लेखाओं का चयन किया गया।

अंकेक्षण अवधि के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) में ई0 देविन्द्र सिंह, संस्थाध्यक्ष एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे।

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं एवं अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। संस्थान द्वारा प्रदान की गई गलत सूचना तथा सूचना प्रदान न करने की अवस्था में इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नहीं है। विभाग का उत्तरदायित्व केवल अंकेक्षण की विस्तृत जाँच हेतु चयनित मासों तक ही सीमित है।

### 3 अंकेक्षण शुल्क

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) मण्डी के लेखाओं अवधि 4/2014 से 3/2015 तक के अंकेक्षण शुल्क का आंकलन ₹1800 (एक हजार आठ सौ रुपये मात्र) किया गया। अनुभाग अधिकारी (ले0प0) की अधियाचना संख्याः 1218, दिनांक 8.10.2015 द्वारा अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला—9 को रेखांकित ड्राफ्ट के माध्यम से

भेजने का अनुरोध किया गया। जिसे संस्था द्वारा बैंक ड्राफ्ट संख्याः 155408, दिनांक 3.11.2015 द्वारा भेज दिया गया है।

## 4 वित्तीय स्थिति

**(क)** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) मण्डी के छात्र कल्याण निधि लेखों की वित्तीय स्थिति का ब्योरा इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–"क"** में दिया गया है। सावधि जमा (FDR's) मे विभिन्न निधियों से निवेशित राशि को निधियों के अन्तिम शेषों में नहीं दर्शाया गया है जिसे अब दर्शाया जाए तथा अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जाए।

**(ख) निवेश**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 31.3.2015 तक किए गए दीर्घकालीन निवेशों का विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ संलग्न **परिशिष्ट–"ख" व "ग"** में दिया गया है।

5 अंकेक्षण के दौरान छात्र कल्याण निधि (महिला) के अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि रोकड़ बही पृष्ठ संख्याः 54, दिनांक 21.4.2014 को भवन निर्माण निधि से ₹7000 व छात्र कल्याण निधि से ₹2275 कुल ₹9275 के जूते मैं0 बाटा इण्डिया लिमिटेड मण्डी से खेलों में भाग लेने हेतु खरीदे गए। उक्त भुगतान में से भवन निधि से किया गया ₹7000 का भुगतान निधि पर उचित प्रभार नहीं है। अतः इस की सक्षम अधिकारी से स्वीकृति लेकर भुगतान को नियमित करवाया जाए। इसके अतिरिक्त खरीदे गए सामान की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियां करके अनुपालना की जाँच आगामी अंकेक्षण में करवाई जाए।

## 6 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) के अभिलेख का अलग से रख–रखाव करने बारे

अंकेक्षण के दौरान अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि सत्र 2015–16 से महिला प्रशिक्षण संस्थान ने अलग से कार्य करना शुरू कर दिया है लेकिन विभिन्न अभिलेखों जैसे निवेश रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर इत्यादि का अलग से रख–रखाव नहीं किया गया है। अतः परामर्श दिया जाता है कि संस्थान के विभिन्न अभिलेखों का अलग से रख–रखाव किया जाएं तथा अनुपालना की जाँच आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जाए।

**7** **लघु आपति विवरणिका :—** यह अलग से जारी नहीं की गई ।

**8** **निष्कर्ष :—** लेखों के रख—रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/—
सहायक निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्ष विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल0ए0)XI(XI)302/2016—खण्ड—1—1761—1763 दिनांकः17.03.2016 शिमला—09
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. प्रधान सचिव तकनीकी शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला—171002
2. निदेशक, तकनीकी शिक्षा, सुन्दरनगर जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश।

**पंजीकृत** 3. प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) मण्डी, जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्यवाही करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को अतिशीघ्र भेजें।

हस्ता/—
सहायक निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्ष विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009